रांची

www.vananchaleye@gmail.com

हिन्दी दैनिक

# वनांचल आई

हर खबर पर पहली नजर

₹5

PRGI. NO,JHAHIN/2023/88773 | वर्ष:01 | अंक:88 | गुरूवार,04 दिसंबर

Email:vananchaleye@gmail.com



## ब्रीफ न्यूज

### लोकसभा से केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 पारित

एजेंसी

नई दिल्ली : लोकसभा ने बुधवार को केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 को पारित कर दिया। यह विधेयक तंबाकू उत्पाद पर मौजूदा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) कंपनसेशन सेस की जगह बढ़ी हुई सेंट्रल एक्साइज ड्यूटी लेगा। इसके साथ ही निचले सदन की कार्यवाही गुरुवार तक के लिए स्थगित हो गई। इससे पहले केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा के पटल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 को विचार और पारित करने के लिए रखा। सीतारमण ने सोमवार को निचले सदन में इस विधेयक को 1 दिसंबर को पेश किया था। वित्त मंत्री ने लोकसभा में केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि इस विधेयक का मकसद जीएसटी मुआवजा सेस खत्म होने के बाद तंबाकू और उससे जुड़े उत्पादों पर उत्पाद शुल्क को बदलना है। उन्होंने कहा कि भारत में भी वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से पहले तंबाकू के रेट हर साल बढ़ाए जाते थे। यह मुख्य रूप से सेहत से जुड़ी चिंताओं के कारण था, क्योंकि ज्यादा कीमतें या टैक्स लोगों को यह आदत न लगाने के लिए रोकने के लिए थे। सीतारमण ने कहा कि यहां कई मंत्रियों ने कहा कि यह एक सेस है। उत्पाद शुल्क कोई सेस नहीं है, उन्होंने कहा ये शुल्क जीएसटी से पहले भी थी।

### नौसेना को जल्द मिलेगा लड़ाकू विमान राफेल एम

एजेंसी

नई दिल्ली : फ्रांस और भारत के रिश्ते डील के बाद नई दिशा की ओर बढ़ते दिख रहे हैं। पहले भारतीय सेना ने अपनी स्कवाडन के लिए राफेल को चुना था, अब नौसेना ने भी राफेल को चुना है। भारतीय नौसेना के प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि भारत फ्रांस से 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमानों की डील को अगले कुछ महीनों में फाइनल करेगा। नौसेना प्रमुख त्रिपाठी ने कहा है कि हमें उम्मीद है कि 2029 तक नेवी को चार राफेल का पहला सेट मिल जाएगा। जुलाई 2023 में ही रक्षा मंत्रालय ने इस खरीद को मंजूरी दे दी थी। पहले चार राफेल मरीन जेट 2029 के अंत तक मिल जाएंगे। इसके बाद 2030 में पांच और 2031 तक बाकी सभी 26 विमान नौसेना में शामिल हो जाएंगे। राफेल एम भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस विक्रांत के लिए उपयुक्त होगा। राफेल एम का इस्तेमाल अभी ग्रीस, इंडोनेशिया और यूएई की सेनाएं कर रही हैं। दिलचस्प बात यह है कि भारतीय नौसेना ने अमेरिकी फाइटर जेट एफ/ए-18 सुपर हॉर्नेट को खारिज किया है। दोनों लड़ाकू विमानों का इस साल की शुरूआत में नौसेना ने परीक्षण किया था। नौसेना का मानना है कि राफेल उसकी जरूरतों को काफी हद तक पूरा करता है। नौसेना 43 पुराने रूसी फाइटर जेट मिग-29के और मिग-29केयूबी को अपने बेड़े से हटाना चाहती है।

# स्मार्टफोन में पहले से 'संचार साथी' एप 'इंस्टॉल' करना नहीं होगा अनिवार्य

## चौतरफा विरोध को देखते हुए केंद्र सरकार ने वापस लिया निर्देश

एजेंसी

- उपयोगकर्ता की निजता का उल्लंघनहोने के साथ निगरानी के उठ रहे थे सवाल
- स्टोर पर स्वैच्छिक रूप से डाउनलोड के लिए उपलब्ध रहेगा एप
- एप्पल और सैमसंग जैसे विनिर्माताओं ने भी पहले के आदेश पर जताई थी आपत्ति



**नई दिल्ली:**को केंद्र सरकार ने स्मार्टफोन विनिर्माताओं के लिए सभी नए मोबाइल फोन में साइबर सुरक्षा एप 'संचार साथी' को पहले से अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश को वापस ले लिया। यह कदम उन बढ़ती चिंताओं को दूर करने के लिए उठाया है, जिनमें कहा गया था कि इससे उपयोगकर्ता की निजता का उल्लंघन होने के साथ निगरानी का जोखिम हो सकता है। हालांकि, सरकार का संचार साथी एप के बारे में कहना है कि यह केवल चोरी हुए फोन का पता लगाने और ब्लॉक करने तथा उनके दुरुपयोग को रोकने में मदद करता है। एप स्टोर पर स्वैच्छिक रूप से डाउनलोड के लिए उपलब्ध रहेगा। संचार मंत्रालय ने एक बयान में कहा, सरकार ने मोबाइल विनिर्माताओं के लिए एप पहले से इंस्टॉल करने को अनिवार्य नहीं करने का फैसला किया है। यह कदम विपक्षी दलों और निजता का समर्थन करने वालों के विरोध के बाद उठाया गया है। उनका कहना था कि एप कॉल सुनने के साथ-साथ संदेश भी पढ़ सकता है। ऐसा कहा जा रहा है कि

### रूस में पहले से लागू है अनिवार्यता का नियम

गौरतलब है कि दुनिया में शायद ही किसी देश ने सभी स्मार्टफोन पर साइबर सुरक्षा एप को पहले से लगाने को अनिवार्य किया हो। एकमात्र अपवाद रूस है, जिसने अगस्त में आदेश दिया था कि सरकारी संदेश सेवा 'मैक्स' सभी फोन और टैबलेट पर अनिवार्य रूप से इंस्टॉल हो। आलोचक इसे एक संभावित निगरानी उपकरण मानते हैं। सरकार ने एप का बचाव करते हुए कहा, यह सुरक्षित है और पूरी तरह से साइबर सुरक्षा के लिहाज सेनागरिकों की मदद के लिए है।

एप्पल और सैमसंग जैसे कुछ विनिमार्ताओं ने 28 नवंबर के आदेश पर अपनी आपत्ति जताई है। मंत्रालय के बयान के अनुसार, उपयोगकर्ताओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है और एप इंस्टॉल करने का आदेश इस प्रक्रिया को तेज करने और कम जागरूक नागरिकों तक एप को आसानी से

### डाउनलोड हो चुके हैं डेढ़ करोड़ एप

सिंधिया ने मंगलवार को कहा था कि उपयोगकर्ता एप को हटा सकते हैं। यह तभी चालू होता है जब कोई उपयोगकर्ता उस पर पंजीकरण करता है। उन्होंने बुधवार को लोकसभा में कहा कि अगर कोई उपभोक्ता ऐप पर पंजीकृत नहीं है, तो ऐप चालू नहीं होगा और कोई भी ऐप को हटा सकता है। मंत्री ने कहा कि अब तक लगभग 1.5 करोड़ एप डाउनलोड हो चुके हैं। पोर्टल और एप की मदद से 26 लाख चोरी हुए हैंडसेट का पता लगाया गया है, सात लाख चोरी हुए।

पहुंचाने के लिए दिया गया था। पिछले एक दिन में ही छह लाख नागरिकों ने एप डाउनलोड करने के लिए पंजीकरण कराया है, जो इसके उपयोग में 10 गुना वृद्धि है।मंत्रालय ने कहा कि यह उपाय अब जरूरी नहीं है, क्योंकि एप को अपने आप ही 'व्यापक रूप से उपयोगकर्ताओं की स्वीकृति'

## एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट के समन की अवहेलना से जुड़ा मामला

# हेमंत को हाईकोर्ट से राहत, ट्रायल कोर्ट में व्यक्तिगत पेशी से मिली छूट

संवादाता

बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट यानी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन की अवहेलना से जुड़े मामले में सशरीर उपस्थिति (फिजिकल अपीयरेंस) से छूट दे दी है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल चौधरी की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। अदालत ने मेरिट के आधार पर इस केस की सुनवाई करते हुए याचिका निष्पादित कर दी है। सीएम की ओर से वरीय अधिवक्ता अरुणव चौधरी और अधिवक्ता दीपांकर राय ने पक्ष रखा। गौरतलब है कि ईडी ने रांची के बड़गाईं क्षेत्र के लैंड प्लॉट से जुड़े मामले में कई समन जारी किए थे, जिनकी कथित अवहेलना के आरोप में विशेष एमपी-एमएलए कोर्ट में मुकदमा दर्ज है। ईडी ने फरवरी 2023 में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) की अदालत में शिकायत दायर की थी। इसमें 14 अगस्त 2023 से 27 जनवरी 2024 तक 10 बार समन भेजने का उल्लेख किया था। सीजेएम ने 4 मार्च 2024 को आईपीसी धारा 174 के तहत समन की अवहेलना मामले में संज्ञान लिया और मामला एमपी- एमएलए कोर्ट में भेज दिया। एमपी-एमएलए कोर्ट ने हेमंत सोरेन को व्यक्तिगत उपस्थिति का निर्देश दिया था। इस मामले में छूट से जुड़ी याचिका 5 जुलाई 2024 और फिर 11 नवंबर 2024 को खारिज कर दी गई थी।

## जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले की नहीं होगी सीबीआई जांच



### हाईकोर्ट में की गई थी अपील

की थी, जहां जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की बेंच ने 4 दिसंबर 2024 को अंतरिम राहत देते हुए निचली अदालत की प्रक्रिया पर रोक लगाते हुए व्यक्तिगत पेशी से छूट प्रदान की थी। पिछले दिनों हाईकोर्ट ने प्रथम दृष्टया अवहेलना मानते हुए 25 नवंबर 2025 को यह राहत समाप्त करते हुए निचली अदालत को सुनवाई जारी रखने काआदेश दिया था।

बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट ने जेएसएससी स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा (जेएसएससी-सीजीएल) 2024 के कथित पेपर लीक मामले में सीबीआई जांच की मांग करने वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने आयोग को परीक्षा परिणाम शीघ्र जारी करने और नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है।

## दिल्ली दौरे से लौटे सीएम हेमंत, झामुमो ने गठजोड़ की चर्चा को बताया अफवाह, मंत्री बोले- झारखंड झुकेगा नहीं

संवाददाता

**रांची:**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पांच दिनों की दिल्ली यात्रा के बाद बुधवार शाम रांची लौट आए। वे अपनी विधायक पत्नी कल्पना सोरेन के साथ चार्टर्ड विमान से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचे। सीएम का यह दौरा आधिकारिक रूप से निजी बताया गया है। अब मुख्यमंत्री चार दिसंबर को विधानसभा सत्र की तैयारियों को लेकर स्पीकर द्वारा बुलाई गई बैठक में हिस्सा लेंगे। इसके अतिरिक्त झामुमो विधायक दल की बैठक भी प्रस्तावित है। इधर, मुख्यमंत्री के दिल्ली प्रवास के दौरान झारखंड की राजनीति में हलचल तेज हो गई। सोशल मीडिया पर यह चर्चा जोर पकड़ गई कि झामुमो भाजपा के साथ नए राजनीतिक समीकरण तलाश रहा है। इन कयासों पर बुधवार को दिनभर नेताओं की प्रतिक्रियाएं आती रहीं झामुमो महासचिव मिथिलेश ठाकुर ने इन अटकलों को खारिज करते हुए कहा



### 56 विधायकों वाली महागठबंधन सरकार मजबूत

कि यह भाजपा का पुराना शिगूफा है। उन्होंने कहा कि 56 विधायकों वाली महागठबंधन सरकार मजबूत है और कहीं कोई संकट नहीं है। मंत्री दीपक बिरूआ ने सोशल मीडिया पर लिखा– 'झारखंड झुकेगा नहीं।' वहीं झामुमो प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने कहा कि घाटशिला उपचुनाव में पराजय के बाद भाजपा सरेंडर मोड में है।

# भारत के कृषि क्षेत्र में प्राकृतिक खेती ला सकती है क्रांतिकारी बदलाव : प्रधानमंत्री

## प्रधानमंत्री ने देशवासियों से प्राकृतिक खेती अपनाने की अपील की

एजेंसी

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को देशवासियों से प्राकृतिक खेती अपनाने और इसे बढ़ावा देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह न केवल कृषि की लागत में कमी लाता है, बल्कि मिट्टी की सेहत, पर्यावरण संरक्षण और किसानों की आय बढ़ाने में भी सक्षम है। प्रधानमंत्री ने अपने आधिकारिक लिंक्डइन पोस्ट में विस्तृत लेख साझा किया, जिसमें उन्होंने हाल ही में कोयंबटूर में आयोजित साउथ इंडिया नेचुरल फार्मिंग समिट 2025 में शामिल होने के अनुभव और भारत में प्राकृतिक खेती की संभावनाओं पर विचार प्रस्तुत किए। प्रधानमंत्री ने लेख में बताया कि उन्होंने कुछ माह पहले तमिलनाडु के किसानों के एक समूह ने उनसे मुलाकात की और प्राकृतिक खेती के अपने नवाचारी तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। इसी दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री को कोयंबटूर में होने वाले प्राकृतिक खेती सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया था। प्रधानमंत्री ने किसानों का यह आमंत्रण स्वीकार करते हुए 19 नवंबर को इस सम्मेलन में भाग लिया। उन्होंने कहा कि परंपरागत रूप से एमएसएमई हब माने जाने वाले कोयंबटूर में प्राकृतिक खेती पर ऐसा बड़ा आयोजन होना, अपने आप में कृषि जगत की नई सोच, नए आत्मविश्वास और भविष्य की दिशा को दशार्ता है।अपने लेख में प्रधानमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती भारत की प्राचीन कृषि-ज्ञान परंपरा और आधुनिक पारिस्थितिक सिद्धांतों का समन्वित रूप है। इसमें बिना रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के फसलों की खेती की जाती है।




# हमारा देश पूरे विश्व में अनेकता में एकता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है : राज्यपाल

## नागालैंड और असम का स्थापना दिवस लोक भवन में संयुक्त रूप से मनाया गया

संवाददाता

रांची : भारत विविधता में एकता का अनोखा उदाहरण है, जहां अलग-अलग भाषा, संस्कृति, परंपरा और जीवन-शैली के बावजूद सभी एक भावना के साथ जुड़े हैं। यह बातें झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को लोक भवन में आयोजित नागालैंड और असम राज्य स्थापना दिवस समारोह में कही। उन्होंने बताया कि नागालैंड का स्थापना दिवस 1 दिसंबर और असम का स्थापना दिवस 2 दिसंबर को था, किंतु उनके राज्य से बाहर रहने के कारण कार्यक्रम निर्धारित तिथि को आयोजित नहीं किया जा सका। इसलिए दोनों राज्यों का स्थापना दिवस संयुक्त रूप से लोक भवन में मनाया जा रहा है। राज्यपाल ने झारखंड में रह रहे नागालैंड और असम के लोगों की सराहना की और कहा कि उनकी मेहनत, समर्पण और प्रतिभा राज्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। उन्होंने कहा कि ये दोनों राज्य पूर्वोत्तर भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य और कला का प्रतिबिंब हैं। पूर्वोत्तर भारत के महत्व पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, सांस्कृतिक धरोहर और राष्ट्रीय एकता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यहां की जैव-विविधता, पारंपरिक ज्ञान, जनजातीय संस्कृति, संगीत, हस्तशिल्प और पर्यटन की अपार संभावनाएं देश की शान हैं। असम की संस्कृति का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने कहा कि लाल नदी और नीली पहाड़ियों की भूमि असम, अपनी लोककला, साहित्य, संगीत और इतिहास के लिए प्रसिद्ध है। कामाख्या मंदिर, ब्रह्मपुत्र नदी, बिहू नृत्य और चाय बागान इसकी विशिष्ट पहचान हैं।



## मुठभेड़ | जेजेएमपी नक्सली संगठन हुआ ध्वस्त

# मुठभेड़ में 12 नक्सली ढेर, तीन जवान शहीद

एजेंसी

दंतेवाड़ा अंतर जिला सीमा क्षेत्र के पश्चिम बस्तर डिविजन इलाके में मुठभेड़ के दौरान 12 नक्सली ढेर हो गए। इस दौरान तीन जवान शहीद हो गए तथा घायल दो जवान खतरे से बाहर हैं। मुठभेड़ स्थल से अब तक 12 नक्सली कैडरों के शव बरामद किए गए हैं। शव के साथ मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद हुए हैं। फिलहाल, मृतकों की पहचान की जा रही है। बस्तर आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम ने बताया कि बुधवार को सुबह 9 बजे डीआरजी दंतेवाड़ा- बीजापुर, एसटीएफ एवं सीआरपीएफ कोबरा की संयुक्त टीम इलाके में सर्च ऑपरेशन के लिए रवाना हुई थी। अभियान के दौरान नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने आक्रामक कार्रवाई करते हुए 12 नक्सली कैडरों को ढेर कर दिया। इस मुठभेड़ में डीआरजी बीजापुर के तीन जवान प्रधान आरक्षक मोनू वडाड़ी एवं आरक्षक दुकारू गोंडे एवं रमेश सोड़ी शहीद हो गए। बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में बुधवार को हुई मुठभेड़ में कम से कम छह नक्सली मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि नक्सल विरोधी अभियान के दौरान पुलिस के जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के दो जवान शहीद हो गए। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, छत्तीसगढ़ में दंतेवाड़ा-बीजापुर सीमा के पास वन्य गंगालूर क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान मुठभेड़ हुई। इस साल 268 नक्सली मारे गए हैं। जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और कोबरा (सीआरपीएफ की एक विशिष्ट इकाई, कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन) की एक संयुक्त टीम इस अभियान को अंजाम दे रही थी। दंतेवाड़ा के डीआईजी कमलोचन कश्यप ने बताया कि पिछले दो घंटों से मुठभेड़ जारी है। उन्होंने कहा कि अब तक छह माओवादी मारे गए हैं और उनके शव बरामद कर लिए गए हैं। मुठभेड़ में डीआरजी के दो जवान भी शहीद हुए हैं। मारे गएनक्सलियों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। मुठभेड़ अभी भी जारी है और जवानों ने बड़ी संख्या में नक्सलियों को घेर लिया है। इस नवीनतम कार्रवाई के साथ,



### जेजेएमपी के इनामी एरिया कमांडर समेत दो नक्सली गिरफ्तार

लातेहार। जिला पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए जेजेएमपी के दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार नक्सलियों में 2 लाख का इनामी एरिया कमांडर सुनील उरांव और मुकेश लोहरा शामिल है. दोनों लातेहार जिले के रहने वाले हैं. दरअसल लातेहार एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि जेजेएमपी नक्सली संगठन का एरिया कमांडर सुनील उरांव अपने गांव सदर थाना क्षेत्र के नवागढ़ के पास देखा गया है. वहीं दूसरा नक्सली मुकेश लोहरा मनिका थाना क्षेत्र पुरनी पल्हेया गांव के आसपास है. सूचना थी कि दोनों नक्सली पुलिस से बचने के लिए गांव में छुपे हुए हैं. इस सूचना के बाद एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर डीएसपी अरविंद कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम गठित की गई और नक्सलियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की गई.

# झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर रांची में निषेधाज्ञा लागू

संवाददाता

रांची : झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए रांची जिला प्रशासन ने विधानसभा (नया भवन) के 750 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू की है। यह आदेश 5 दिसंबर सुबह 8:00 बजे से 11 दिसंबर रात 10:00 बजे तक प्रभावी रहेगा। इस क्षेत्र में झारखंड उच्च न्यायालय को प्रतिबंधित क्षेत्र से बाहर रखा गया है।

क्या-क्या रहेगा प्रतिबंधित?

रांची जिला प्रशासन की ओर से बुधवार को जारी निषेधाज्ञा के तहत- पांच या उससे ज्यादा लोग एक जगह इकट्ठा नहीं हो सकेंगे (सरकारी काम और शवयात्रा को छोड़कर)। किसी तरह के हथियार जैसे–बंदूक, राइफल, रिवॉल्वर, बम, बारूद आदि लेकर चलना पूरी तरह प्रतिबंधित है (सरकारी कर्मियों को छोड़कर)। लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा, भाला जैसे हथियार लेकर चलने की मनाही (सरकारी कार्य में लगे लोगों को छोड़कर)। धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रैली या सभा का आयोजन भी नहीं किया जा सकेगा। लाउडस्पीकर या ध्वनि विस्तारक यंत्र के प्रयोग पर भी रोक रहेगी (सरकारी काम को छोड़कर)। झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र 5 से 11 दिसंबर तक चलना है। भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने यह कदम उठाया है।रांची जिला प्रशासन की ओर से बुधवार को जारी निषेधाज्ञा के तहत- पांच या उससे ज्यादा लोग एक जगह इकट्ठा नहीं हो सकेंगे (सरकारी काम और शवयात्रा को छोड़कर)।किसी तरह के हथियार जैसे–बंदूक, राइफल, रिवॉल्वर, बम, बारूद आदि लेकर चलना पूरी तरह प्रतिबंधित है



# झारखंड के कई जिलों में 10 डिग्री से नीचे पहुंचा पारा, आने वाले दिनों में और सताएगी सर्दी, बरतें सावधानी

**रांची, संवाददाता ।**

झारखंड में मौसम ने रंग दिखाना शुरू कर दिया है. मौसम शुष्क है. ठंड में धीरे-धीरे बढ़ोतरी का दौर जारी है. कई जिलों का न्यूनतम पारा 10 डिग्री से नीचे जा चुका है. उत्तर-पश्चिमी ठंडी हवाओं के कारण सुबह और शाम के बाद ज्यादा सर्दी महसूस की जा रही है. अगले कुछ दिनों में न्यूनतम पारा में और गिरावट की संभावना है.

**न्यूनतम पारा में आने लगी कमी**

मौसम केंद्र द्वारा 3 दिसंबर को सुबह 8.30 बजे जारी रिपोर्ट के मुताबिक गुमला का न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ है. इसके अलावा हजारीबाग में 9.2 जबकि डाल्टनगंज का न्यूनतम पारा 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है. वहीं खूंटी में 10.1, लातेहार में 10.3 और लोहरदगा में 10.4 डिग्री रहा है. पिछले तीन दिनों में रांची के



न्यूनतम पारा में 2 डिग्री की कमी आई है. यहां न्यूनतम पारा 11.0 डिग्री रहा है. खास बात है कि पिछले तीन दिनों में ज्यादातर जिलों के अधिकतम तापमान में भी 2-3 डिग्री की कमी आई है. फिलहाल 14 जिले ऐसे हैं जहां का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ है. इस बीच सबसे ज्यादा तापमान चाईबासा में 29.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ है.

**आने वाले दिनों में 3-4 डिग्री तक कम हो सकता है पारा**

मौसम केंद्र के मुताबिक 3 दिसंबर से 6 दिसंबर तक आसमान साफ रहने की संभावना है. इस दौरान सुबह के वक्त धुंध और कोहरा देखने को मिलेगा. लेकिन 7 दिसंबर से आंशिक बादल छाए रह सकते हैं. मौसम केंद्र ने संभावना जताई है कि 6 दिसंबर तक न्यूनतम पारा में 3-4 डिग्री सेल्सियस की कमी आ सकती है. इसके बाद 7 और 8 दिसंबर को मौसम में कोई खास बदलाव नहीं होगा. इससे साफ है कि 8 दिसंबर तक सर्दी सताएगी.

**स्वास्थ्य को लेकर सावधानी जरुरी**

तापमान में आ रही कमी को देखते हुए विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है. ऊनी और गर्म कपड़े पहने बिना घर से बाहर न निकलें. गुनगुना पानी पीने की जरूरत है. बच्चों और बुजुर्गों को ठंडी हवा से बचाव जरूरी है. सुबह के वक्त धुंध और कोहरे को देखते हुए बाइक या गाड़ी चलाते समय विशेष सावधानी बरतें. बीपी बढ़ने, सिर में दर्द होने और दस्त या उल्टी होने पर फौरन चिकित्सक से मिलें.

# झारखंड के जेलों में मैनपावर बढ़ाने की कवायद शुरू, सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहे थे सवाल

**रांची, संवाददाता ।**

झारखंड के तमाम जेल मैनपावर की कमी से जूझ रहे हैं. झारखंड के विभिन्न जिलों में 18000 से ज्यादा कैदी बंद हैं, लेकिन मैनपावर की कमी की वजह से जेलों की सुरक्षा पर लगातार सवाल उठ रहे हैं. मैनपावर की घोर कमी को देखते हुए बहाली की प्रक्रिया को तेज करने की कवायद शुरू की गई है.

**जेलों में मैनपावर की वर्तमान स्थिति**

झारखंड सरकार के गृह विभाग के आंकड़ों के अनुसार झारखंड के विभिन्न जेलों में स्वीकृत बल की तुलना में कार्यरत कर्मचारियों की संख्या चिंताजनक है. गृह विभाग से मिली जानकारी के अनुसार झारखंड के जेलों में अधिकांश पद रिक्त हैं. जिससे न केवल जेलों का सुचारु संचालन प्रभावित हो रहा है,



बल्कि सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं.

**सबसे ज्यादा कक्षपाल की कमी**

आंकड़े बताते हैं कि सबसे गंभीर कमी कक्षपालों की है. जबकि जेल की आंतरिक सुरक्षा, गश्ती और पूरी व्यवस्था कक्षपालों के ही जिम्मे होती है. कक्षपालों के लिए स्वीकृत पदों में 90% पद रिक्त हैं. इस तरह झारखंड में 6 जेलों में आईजी के पद स्वीकृत हैं, लेकिन सभी पद रिक्त हैं. आंकड़े बताते हैं कि उच्च और मध्य स्तरीय पदों पर भी स्थिति चिंताजनक है. कारा डॉक्टरों के 43 स्वीकृत पदों में से मात्र एक ही कार्यरत हैं, यानी डॉक्टर के 42 पद रिक्त हैं. जेलर के 31 पदों के मुकाबले केवल पांच काम कर रहे हैं, यानी 26 पद खाली हैं . यहां तक की जेल अधीक्षक के 21 स्वीकृत पद हैं, लेकिन मात्र 17 कार्यरत हैं. वहीं प्रोबेशन पदाधिकारी के 46 स्वीकृत पद हैं. जिसमें 36 ही कार्यरत हैं. आंकड़े बताते हैं कि सभी महत्वपूर्ण पदों पर रिक्तियां चिंताजनक स्थिति पर पहुंच चुकी हैं.

> **झारखंड के जेलों में कितना बल चाहिए और अभी क्या है स्थिति**
>
> आंकड़े बताते हैं कि झारखंड के विभिन्न जेलों में 1699 पुरुष कर्मचारियों के लिए स्वीकृत पद हैं, लेकिन वर्तमान में मात्र 46 पदों पर ही पुरुष जेलकर्मी कार्यरत हैं.
>
> झारखंड के विभिन्न जेलों में स्वीकृत महिला कक्षपालों की संख्या 104 है, लेकिन उनमें से 80 पद अभी भी रिक्त हैं.
>
> जेल आईजी के लिए छह स्वीकृत पद हैं, लेकिन सारे रिक्त हैं.
>
> तकनीकी नर्स स्टाफ के 51 पद रिक्त हैं.


**जेलों में 18 हजार से ज्यादा कैदी**

झारखंड में कुल 31 जेल हैं. जिनमें से सात सेंट्रल जेल , 16 जिला जेल और सात उपकारा शामिल हैं. इसके अलावा हजारीबाग में एक ओपन जेल भी है. हजारीबाग स्थित ओपन जेल में आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को रखा जाता है. सभी सेंट्रल जेल, जिला कारा और उपकारा में मैनपावर की भारी कमी है. जबकि इन जेलों में 18000 से ज्यादा कैदी बंद हैं. स्थिति यह है कि मैनपावर की घोर कमी के कारण जेलों की सुरक्षा सवालों को घेरे में है. हाल ये है कि जेल कर्मचारियों की कमी के चलते अनियमितता के आरोप में निलंबित कर्मियों और अफसरों को भी जल्द निलंबन मुक्त कर उनसे कार्य लेना पड़ रहा है. जेलों में मैनपावर की भारी कमी को देखते हुए कारा विभाग के द्वारा रिक्त पदों को भरने के लिए कार्रवाई शुरू की गई है. झारखंड के आईजी जेल सुदर्शन मंडल ने बताया कि होम सेक्रेटरी के लेवल पर एक मीटिंग कर जेलों में मैनपावर की कमी को दूर करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने का निर्णय लिया गया है. जेल आईजी के अनुसार असिस्टेंट जेलर और कक्षपाल का ऑनलाइन फार्म भरने की तिथि एक दिसंबर तक थी.

# सस्पेंडेड आईएएस विनय चौबे को बेल देने से एसीबी कोर्ट का इंकार

**रांची, संवाददाता ।**

हजारीबाग में वन भूमि घोटाला के आरोप में जेल में बंद कअर अधिकारी विनय चौबे की जमानत याचिका पर हजारीबाग एसीबी की स्पेशल कोर्ट ने फैसला सुना दिया है. कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज करते हुए, उन्हें बेल देने से इंकार कर दिया है. जमानत याचिका खारिज होने से विनय चौबे को बड़ा झटका लगा है. सोमवार की सुनवाई के दौरान अदालत ने एसीबी के विशेष लोक अभियोजक अनुराग कुमार सिंह और विनय चौबे के अधिवक्ता शंकर बनर्जी की बहस एवं दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था. बुधवार को कोर्ट ने अपना फैसल सुनाया है. दरअसल चर्चित शराब घोटाला और हजारीबाग में खासमहल (सेवायत) जमीन



घोटाला मामले में आरोपी विनय चौबे को एसीबी (भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो) ने 10 नवंबर को हजारीबाग में उनके कार्यकाल में हुए वन भूमि घोटाला में भी अभियुक्त बनाया है. एसीबी ने इस मामले की प्राथमिक जांच (प्रीलिमिनरी इंक्वायरी) पहले ही कर ली थी. जिसके बाद रांची एसीबी ने कांड संख्या 11/2025 दर्ज की है. इस केस में विनय चौबे के करीबी विनय सिंह उनकी पत्नी स्निग्धा सिंह, हजारीबाग के विधायक प्रदीप प्रसाद, तत्कालीन सीओ शैलेश कुमार और ब्रोकर विजय सिंह समेत 73 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है.

# दिल्ली में बीएमएस की राष्ट्रीय बैठक सम्पन्न, एचईसी को बचाने के लिए बनेगी विशेष कमेटी

**रांची, संवाददाता ।**

हैवी इंजीनियरिंग कार्पोरेशन के पुनरुद्धार को लेकर लगातार उठ रही आवाजों के बीच भारतीय मजदूर संघ ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है. दिल्ली में तीन दिवसीय सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारी राष्ट्रीय परिसंघ की बैठक संपन्न हुई. इसमें देशभर की 72 विभिन्न इकाइयों से करीब 150 पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया. झारखंड की एचईसी इकाई से दो प्रतिनिधि रमा शंकर प्रसाद और रविकांत ने इसमें भाग लिया.

**बैठक में एचईसी को लेकर जताई चिंता**

बैठक में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की वर्तमान स्थिति, चुनौतियों और उनके समाधान पर व्यापक चर्चा की गई. इसी दौरान एचईसी की स्थिति को लेकर विशेष रूप से चिंता जताई गई. अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि एचईसी जैसे रणनीतिक और ऐतिहासिक संस्थान



को बचाना आवश्यक है. क्योंकि यह देश की औद्योगिक क्षमता और रक्षा क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. प्रतिनिधियों ने इसी उद्देश्य से एचईसी के लिए एक विशेष कमेटी गठित करने का निर्णय लिया है. यह कमेटी जल्द ही केंद्र सरकार के संबंधित मंत्रियों से मुलाकात कर संस्थान को पुनर्जीवित करने की दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग करेगी.

**केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री से हुई बैठक**

बैठक के दौरान एचईसी को लेकर एक और बड़ा संवाद आयोजित हुआ. बीएमएस के वरिष्ठ पदाधिकारियों और केंद्रीय नेताओं ने रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ से विस्तृत बातचीत की. करीब दो घंटे चली इस बैठक में बीएमएस की ओर से बी सुरेंद्र (अखिल भारतीय संगठन मंत्री), अनुपम (क्षेत्रीय संगठन मंत्री उत्तर मध्य क्षेत्र एवं वरिष्ठ प्रचारक), अनिश मिश्रा (सह वित्त सचिव), रमा शंकर प्रसाद (महामंत्री, लएउ मजदूर संघ एवं प्रदेश मंत्री, झारखंड) और रविकांत (उपाध्यक्ष) उपस्थित थे.

**मंत्री ने दिया सकारात्मक पहल का आश्वासन**

संघ के अधिकारी रमाशंकर ने बताया एचईसी के वित्तीय संकट, कार्य संचालन में बाधा, पेंडिंग प्रोजेक्ट, कर्मचारियों के भविष्य और रक्षा उत्पादन से जुड़े संभावित अवसरों पर विस्तार से चर्चा हुई. मंत्री संजय सेठ ने प्रतिनिधियों की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि सरकार एचईसी के मसले पर सकारात्मक पहल के लिए तैयार है. बैठक में यह भी संकेत मिला कि जल्द ही एक उच्चस्तरीय बैठक बुलाई जाएगी. जिसमें एचईसी को मजबूत करने, कर्मचारियों को राहत देने और नए कामों के आवंटन को लेकर ठोस निर्णय लिए जा सकते हैं. भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधियों ने उम्मीद जताई है कि सरकार के साथ होने वाली आगामी चचाओं में सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे और एचईसी एक बार फिर देश के औद्योगिक नक्शे पर मजबूती से स्थापित होगा.

# जिला स्तरीय कार्यक्रम में 3000 से ज्यादा झारखंड आंदोलनकारियों को मिला प्रमाण-पत्र



**रांची, संवाददाता ।**

राज्य सरकार के निर्देश पर आज मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में झारखंड आंदोलनकारियों के सम्मान में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में तीन हजार से अधिक अधिसूचित झारखंड आंदोलनकारियों को प्रमाण-पत्र दिए गए. उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री और वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने चयनित आंदोलनकारियों को सांकेतिक रूप से प्रमाण-पत्र सौंपे. दोनों अधिकारियों ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों का संघर्ष और योगदान ही राज्य निर्माण की नींव है, और सरकार उनके सम्मान व सुरक्षा के लिए लगातार काम कर रही है. उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि आंदोलनकारियों का त्याग हमेशा याद रखा जाएगा. उन्होंने भरोसा जताया कि आंदोलनकारी आगे भी जिले और राज्य के विकास में सकारात्मक भूमिका निभाते रहेंगे. कार्यक्रम में अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वरनाथ आलोक, नजारत उपसमाहर्त्ता सुदेश कुमार सहित कई अधिकारी उपस्थित थे.

# झारखंड हाईकोर्ट की दो टूक, रिम्स कैंपस को 72 घंटे में करें अतिक्रमण मुक्त, बहाना या देरी स्वीकार नहीं

**रांची, संवाददाता ।**

झारखंड के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल 'रिम्स' यानी राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के कैंपस में हुए अतिक्रमण पर हाईकोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए सख्त आदेश दिए हैं. हाईकोर्ट ने 72 घंटे के भीतर पूरे अस्पताल परिसर से अतिक्रमण हटाने को कहा है. कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि तय समय सीमा के भीतर आदेश का पालन नहीं हुआ तो इसे कोर्ट की अवमानना यानी कंटेम्प्ट ऑफ कोर्ट माना जाएगा.

**बहानेबाजी या देरी स्वीकार नहीं: हाईकोर्ट**

झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश जस्टिस तरलोक सिंह चौहान की खंडपीठ ने जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान रिम्स प्रबंधन के रूख पर कड़ी नाराजगी जताई है. हाईकोर्ट ने कहा कि रिम्स




कैंपस में फैला अतिक्रमण मरीजों, छात्रों और अस्पताल की कार्यप्रणाली पर नकारात्मक असर डाल रहा है. लिहाजा इस गंभीर मामले में किसी तरह की बहानेबाजी या देरी को स्वीकार नहीं किया जाएगा. डपीठ ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि अगले आदेश तक रिम्स परिसर की सभी गतिविधियों की विशेष निगरानी रखी जाएगी. कोर्ट ने 72 घंटे बाद का रिम्स कैंपस का स्टेट्स रिपोर्ट पेश करने को कहा है. मामले की अगली सुनवाई 11 दिसंबर को होगी.

**अतिक्रमणकारी नहीं हटे तो होगा बल प्रयोग**

हाईकोर्ट ने रांची के एसएसपी को आदेश दिया है कि यदि 72 घंटे के भीतर अतिक्रमणकारी खुद नहीं हटते हैं तो हटाने के लिए पुलिस बल का सहारा लें. आज कोर्ट के आदेश पर झालसा (झारखंड लीगल सर्विस अथॉरिटी) के सदस्य सचिव ने अपनी रिपोर्ट पेश की. दरअसल, पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने झालसा के सदस्य सचिव को निर्देश दिया था कि एक टीम बनाएं और रिम्स में दवा, पैथोलॉजी, ट्रॉमा सेंटर, पेयजल, मेंटेनेंस का निरीक्षण पर रिपोर्ट सौंपे.

# पाबलो रेस्टोरेंट में पुलिस का छापा, अवैध नशा सेवन के आरोप में 10 से अधिक हिरासत में

**रांची, संवाददाता ।**

राजधानी रांची में अवैध रूप से संचालित हो रहे हुक्का बार और नशे के अड्डों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. एसएसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर, कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मंगलवार की देर रात कोतवाली थाना क्षेत्र के लालजी हीरजी रोड स्थित पाबलो रेस्टोरेंट में छापा मारा. पुलिस की यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई, जब रेस्टोरेंट में अवैध तरीके से हुक्का बार संचालित किया जा रहा था और ग्राहकों को कथित तौर पर नशे का सेवन कराया जा रहा था. देर रात हुई इस छापेमारी से रेस्टोरेंट में हड़कंप मच गया. पुलिस ने मौके से दस से अधिक युवकों हिरासत में लिया है. इन सभी से कोतवाली थाना में पूछताछ की जा रही है. एसएसपी को इस संबंध में लगातार शिकायतें मिल




रही थीं कि शहर के कई रेस्टोरेंट और कैफे की आड़ में अवैध हुक्का बार चलाए जा रहे हैं, जहां युवा पीढ़ी को गुमराह कर नशे के जाल में फंसाया जा रहा है. सूचना की गंभीरता को देखते हुए, तत्काल कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय को कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया. पुलिस सूत्रों के अनुसार, रेस्टोरेंट युवाओं के बीच नशे के सेवन का एक प्रमुख केंद्र बना हुआ है. आने वाले दिनों में इस तरफ की और कार्रवाई होगी.

# सेल, सेट में गुणवत्ता माह का आयोजन

**रांची, संवाददाता ।**

सेल, सेट, में नवम्बर माह को गुणवत्ता माह के रूप मे मनाया गया। इस दौरान गुणवत्ता के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पूरे माह भर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गयोइसी क्रम मे दिनांक 13 नवंबर 2025 को श्री श्रवण कुमार वर्मा, ईडी (सेट)के द्वारा गुणवत्ता झंडोत्तोलन किया गया ` तत्पश्चात सेट के सभी उपस्थित कार्मिकों को गुणवत्ता शपथ दिलाई गई। गुणवत्ता माह के दौरान विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम मे दिनांक 03दिसंबर 2025 को श्रवण कुमार वर्मा, ईडी (सेट)की अध्यक्षता मे गुणवत्ता माह के समापन समारोह का औपचारिक आयोजन किया गया। इसमे सेटरांची के सभी मुख्यमहाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, पुरस्कार विजेताआदि उपस्थित थे सेट रांची के अन्य सभी कार्मिकतथा सेट के सभी उपकेन्द्रों के कार्मिकों ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर कार्यक्रम मे भाग लियो कार्यक्रम का संचालन प्रमोद कुमार, सहायक प्रबंधक के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान, एक संक्षिप्त प्रस्तुति के माध्यम से गुणवत्ता माह के दौरान संचालित विभिन्न गतिविधियों के बारे में अवगत कराया गया।

श्रवण कुमार वर्मा, ईडी (सेट)ने



टीम सेट को संबोधित करते हुए, सेल निगमित कार्यालय एवं इसके सभी एकीकृत इस्पात संयत्रों एवं अन्य इकाइयों के द्वारा टीम सेट के प्रति दशार्ये गए विश्वास पर खुशी जताई। साथ ही सेट मे व्याप्त गुणवत्ता संस्कृति पर विश्वास एवं संतुष्टि अभिव्यक्त करते हुए,टीम सेट के सदस्यों को अपने दैनिक गतिविधियों में गुणवत्ता को एक आदत बनाने पर जोर देते हुए, गुणवत्ता माह की थीम क्वालिटीः अलग ढंग से सोचें से आगे बढ़कर अपना योगदान देने एवं आज के प्रतिस्पर्धी और गतिशील माहौल मेंसंगठन की सतत और स्थाई मजबूती के लिए प्रेरित किया। उक्त समारोह मे गुणवत्ता माह के दौरान आयोजित गुणवत्ता नारा और ई-बैनर / ई- पोस्टर प्रतियोगिताओं के विजेताओं को श्रवण कुमार वर्मा, ईडी (सेट) एवम उपस्थित मुख्यमहाप्रबंधक गण द्वारा प्रमाण पत्र एवं उचित पुरस्कार देकर सम्मानित किया गयो गुणवत्ता नारा प्रतियोगिता मे प्रथम पुरस्कार मो. आलम, द्वितीय पुरस्कार शौर्यम चतुवेर्दी और तृतीय पुरस्कार सायन पॉल को मिलोगुणवत्ता ई-बैनर /ई-पोस्टर प्रतियोगिता मे प्रथमपुरस्कार नरेंद्र कुमार जैन, द्वितीय पुरस्कार सुजाता सुमन एवं तृतीय पुरस्कार सुमन कल्याण मेहर को मिलोनिर्णायक मंडली के सदस्य संजय कुमार, मुख्य महाप्रबंधक तथा गणेश कुमार, महाप्रबंधक को भी प्रविष्टियों के मूल्यांकन के लिए धन्यवाद किया गया।

पूरे कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालनश्री प्रमोद कुमार, स.प्र.(बीईएवम्? आई पी एस एस)के द्वारा श्रीअभय कुमार, महाप्रबंधक एवं विभागधायक्ष (बीईएवम्? आई पी एस एस)के नेतृत्व संयोजन मे तथा श्री तथागत घोष, मुख्य महाप्रबंधक(बीईएवम्? आई पी एस एस एवं कच्चा माल प्रभाग) के मार्गदर्शन में और प्रशासन और सी&आईटी विभाग के सहयोग से किया गया।कार्यक्रम के अंत मे गुणवत्ता माह के सम्पूर्ण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजन एवं सम्पन्न करने मे,ईडी (सेट)एवं उनके सचिवालय के द्वारा प्रदत्त सहयोग एवं मार्गदर्शन के प्रति विशेष आभार जताया गयो

# झारखंड के किसानों के लिए खुशखबरी! इस तारीख से बेच सकेंगे धान, अब 4जी पॉस मशीन का होगा इस्तेमाल, 72 घंटे में मिलेगी पूरी राशि

**रांची, संवाददाता ।**

झारखंड के किसानों के लिए अच्छी खबर है. इस साल धान बेचने पर तीन दिन के भीतर पूरी राशि मिल जाएगी. साथ ही पहली बार ऐसा होगा जब धान खरीद के लिए 4जी आधारित पॉस मशीन का इस्तेमाल होगा. लेकिन सवाल है कि 1 दिसंबर से धान की खरीद क्यों नहीं शुरू हो पाई. ब्लॉक स्तर पर लैम्पस की क्या तैयारी है. इस साल एक क्विंटल धान के कितने रुपए मिलेंगे. एक किसान अधिकतम कितना धान बेच सकेगा?

**1 दिसंबर से क्यों शुरू नहीं हुई धान की खरीद**

दरअसल, पिछले साल 15 दिसंबर से धान की खरीद शुरू हो गई थी.



इस साल 1 दिसंबर से शुरू करने की तैयारी थी. लेकिन खरीद में इस्तेमाल होने वाले 2जी पॉस मशीन के 4जी में कन्वर्ट नहीं होने पर तारीख टल गई. उम्मीद जतायी जा रही है कि 4जी पॉस मशीन मिलते ही एक सप्ताह के भीतर राज्य के सभी लैम्पस पर धान की खरीद शुरू हो जाएगी. दरअसल, अब तक 2ऋ पॉस मशीन से धान खरीद का डाटा तैयार करने, किसान का आधार नंबर और अंगूठे का निशान लेने की प्रक्रिया पूरी करने में काफी वक्त लगता था. क्योंकि 2ऋ पॉस मशीन की रफ्तार बहुत धीमी थी. इस बार विभाग के निर्देश पर 1 दिसंबर को पुरानी 2जी पॉस मशीन जमा कर दी गई हैं. नई 4जी पॉस मशीन के तीन से चार दिन में मिलने की उम्मीद है. लिहाजा, एक सप्ताह से भीतर धान खरीद की प्रक्रिया शुरू होने की संभावना है.

**प्रति क्विंटल धान की कीमत क्या होगी**

जहां तक प्रति किलो धान की कीमत की बात है तो पिछले साथ केंद्र सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल 2,369 रु. रखा था. इसपर 100 रु. बोनस जोड़ने पर राशि 2,469 हो जाती है. साथ ही ग्रेड-ए धान पर 2,489 रुपये प्रति क्विंटल मिले थे. इस साल अभी तक लैम्पस को नया दर नहीं मिला है. ऐसे में इस साल भी प्रति क्विंटल 2,469 की दर से धान खरीद की संभावना है.

**एक किसान कितना बेच सकता है धान**

नामकुम एमपीसीएस यानी मल्टी पर्पस को-ऑपरेटिव सोसायटी के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी नीरज कुमार के मुताबिक एक किसान अधिकतम 200 क्विंटल धान बेच सकता है. लेकिन इसके लिए एक मानदंड तय है. सरकार के मुताबिक एक एकड़ में 16 क्विंटल तक धान की पैदावार होती है. लिहाजा, एक किसान के पास 11 से 12 एकड़ जमीन होने पर ही 200 क्विंटल तक धान की पैदावार कर बेचने का दावा कर सकता है. इधर, किसानों में धान खरीद को लेकर उत्साह दिखने लगा है. नामकुम के हाहाप गांव की किसान अर्चना मुंडा अपना रजिस्ट्रेशन कराने एमपीसीएस यानी लैम्पस कार्यालय पहुंचीं थी. उन्होंने बताया कि ओपन मार्केट में धान की बहुत कम कीमत मिल रही है.



# झारखंड थैलेसीमिया पीड़ितों एवं रक्तदान के मांगों पर अवश्य कार्रवाई सुनिश्चित होगी





संवाददाता । रांची

आज विश्व दिव्यांता दिवस के उपलक्ष्य में ₹लहू बोलेगा₹ रक्तदान संगठन रांची एवं झारखंड थैलेसीमिया पीड़ित एसोसिएशन₹ का संयुक्त प्रतिनिधिमंडल संपादक शाहनवाज अख़्तर के सहयोग से झारखंड विधानसभा के माननीय अध्यक्ष श्रीमान रवेंद्रनाथ महतो महोदय से झारखंड विधानसभा में प्रतिनिधिमंडल 14 सूत्री मांग थैलेसीमिया पीड़ितों/परिजनों के लिखित आवेदन,19 सूत्री रक्तदान के मुद्दों पर एवं 3 सूत्री दिव्यांता पर स्मार-पत्र दिया। प्रतिनिधिमंडल को माननीय अध्यक्ष झारखंड विधानसभा श्रीमान रवेंद्रनाथ महतो जी ने बेहद गंभीरतापूर्वक सुना और समझा उसके बाद माननीय अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड थैलेसीमिया एवं रक्तदान पर आपके जो मांग है उस पर आवश्यक कार्रवाई जरूर सुनिश्चित होगी। मैंने भी आपने क्षेत्र में थैलेसीमिया पीड़ित एवं परिजनों का दर्द देखा है बल्कि बॉन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए दिल्ली भेजा था ।सचिव से भी बात करूंगा।



वहीं से प्रतिनिधिमंडल झारखंड कांग्रेस के माननीय विधायक दल के नेता श्रीमान प्रदीप यादव जी से उनके रांची स्थित आवास पर स्मार-पत्र पर बातचीत के साथ मिला।

प्रतिनिधिमंडल में नदीम खान,पॉवेल कुमार, रोयान सुरंजन बाड़ा,रीना सुचित्रा टोप्पो, अजित कुमार मिश्रा,जयनाथ महतो,बिमला कच्छप,विनोद बैठा,जिलानी अंसारी, नईमउल्लाह खान,अकरम,बुलंद आदि शामिल थे।

## मोदी सरकार 11 वर्षों में संस्थाओं का सिर्फ नाम बदलने का काम किया,

# भाजपा अपनी पार्टी का नाम बदल कर भारतीय झांसा पार्टी कर दे : कैलाश यादव

- देश की अर्थव्यवस्था संकट में,निचले स्तर पर गिरा रुपया, डॉलर के मुकाबले गिरकर 90 रु पार हुआ,क्टऋकी रैंकिंग में भारतीय अर्थव्यवस्था उ' ग्रेड श्रेणी में, चिंतनीय विषय

संवाददाता । रांची

रांची प्रदेश राजद प्रवक्ता कैलाश यादव ने प्रेस ब्यान जारी कर कहा है कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीजेपी-जेडीयू एनडीए गठबंधन की सरकार 11 वर्षों से चल रही है लेकिन मोदी सरकार को देशवासियों को उपलब्धि बताने के बजाय सिर्फ देश के स्थापित संस्थाओं के नाम बदलने का काम किया है !

11 वर्षों बाद भी मोदी सरकार धार्मिक मठ मंदिरों के जीर्णोद्वार और मंदिर तोड़ने में व्यस्त है एवं धार्मिक ध्रुवीकरण की राजनीति कर रही है जबकि देश में बेरोजगारी पलायन महंगाई अंतराष्ट्रीय सुरक्षा उद्योग धंधा और कृषि विकास कालाधन जैसे अन्यान्य विषय बड़ी मुद्दा है क्योंकि इन सभी महत्वपूर्ण विषयों पर त्राहि त्राहि कर रहे हैं और बीजेपी इन सभी मुद्दों से



इतर नाम बदलने में कीमती समय बर्बाद कर रही है !यादव ने कहा कि भाजपा को नाम बदलने का इतना ही शौक है तो भाजपा को अपनी पार्टी का नाम बदल कर भारतीय झांसा पार्टी कर लेना चाहिए क्योंकि बीजेपी केंद्र एवं राज्यों के लोगों सिर्फ जुमला गढ़ने झूठे सपने दिखाने और झांसा देने का काम किया है !

विदित है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सत्ता में आने से पूर्व देशवासियों के हर लोगों के खाते में 15 लाख रु देने तथा युवाओं के लिए प्रति वर्ष 2 करोड़ नौकरी देने एवं विदेशों से कालाधन लाने का वादा किया था लेकिन तीसरी बार केंद्र में सत्तासीन 11 वर्षों के कार्यकाल में ये सभी मुद्दे जुमला साबित हुआ है इसलिए बीजेपी को भी अपनी पार्टी का नाम बदल लेना चाहिए !

यादव ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की हालत बहुत खराब है ! अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष ( क्टऋ) ने अपनी नवीनतम समीक्षा में भारतीय अर्थव्यवस्था की रैंकिंग उ ग्रेड श्रेणी में दिया है जो कि देश के लिए अत्यंत चिंता का विषय है !

ज्ञातव्य है प्रतिदिन रुपया गिर रहा है आज रिकॉर्ड निचले स्तर पर गिरा रुपया,डॉलर के मुकाबले रुपया गिर कर 90.14 रु पार हुआ ! यही स्थिति रहा तो कुछ ही दिनों में रुपया और डॉलर बराबरी पर आ जाएगा ! ऐसा होने पर देश में हाहाकार मच जाएगा क्योंकि इंपोर्ट की स्थिति महंगी हो जाएगी और विदेशी वस्तुएं और शिक्षा का स्तर खर्च दोगुना और अनियमित हो जाएगा !

विदित हो कि जब बीजेपी केंद्र में विपक्ष में थी तो तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी जी इन सभी विषयों पर तत्कालीन वढअ सरकार का विरोध कर कमजोर सरकार का संज्ञा देते नहीं थकते थे जबकि आज की स्थिति बेहद खराब है ! बीजेपी की कथनी और करनी में काफी फर्क है !

## मो जावेद अख्तर अंजुमन इस्लामिया चुनाव 2025 को लेकर प्रेस कांफ्रेंस



संवाददाता । रांची

रांची : रांची अंजुमन इस्लामिया चुनाव 2025 को लेकर पिछले चुनाव के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार मोहम्मद जावेद अख्तर ने प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 2022 के इस्लामिया चुनाव में शहर के उलेमा और प्रबुद्ध लोगों जैसे मौलाना मुफ्ती तल्हा नदवी, मौलाना शरीफ हसन मजहरी,इजहार साहब, जुनैद, समेत कई लोगों ने मुझे कुछ हवाला देकर पिछले अंजुमन सदर चुनाव में बैठा दिया गया था. उस समय वादा किया गया था कि 2025 में मुख्तार अहमद अंजुमन इस्लामिया के चुनाव नहीं लड़ेंगे लेकिन इस चुनाव में भी मुख्तार अहमद अंजुमन इस्लामिया के चुनाव सदर पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं. मेरे साथ जो वादा किया गया था उसे वादा को शहर के लोगों के द्वारा तोड़ा जा रहा है मैं इस बार पूरी ताकत के साथ अंजुमन इस्लामिया चुनाव में लड़ूंगा मोहम्मद जावेद अख्तर ने कहा कि पिछले बार के चुनाव में अंजुमन इस्लामिया के सदर मुख्तार अहमद ने कहा था चुनाव नहीं लड़ूंगा तुम चुनाव 2025 में लड़ो तुम्हारी पूरी मदद करूंगा, लेकिन वह खूब चुनाव लड़ने के लिए तैयार है. इस मौके पर मोहम्मद जावेद अख्तर, मौलाना युसूफ मिफ्ताही, मोहम्मद आरिफ खान,मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद परवेज अंसारी

## पत्रकार रत्न सम्मान अवॉर्ड 2025 से युवा पत्रकार आदिल रशीद सम्मानित

# इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने पत्रकारों को किया स्मृति चिन्ह भेंट



संवाददाता । रांची

रांची। शहर के उभरते युवा पत्रकार आदिल रशीद को इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन की ओर से सम्मानित किया गया। बुधवार 3 दिसंबर 2025 को कर्बला चौक स्थित होटल शाह रेसीडेंसी (कलाल टोली) में आयोजित एक सादे समारोह में इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष देवानंद सिन्हा और राष्ट्रीय सचिव मधु सिन्हा ने संयुक्त रूप से उन्हें सम्मानित किया। पत्रकारिता के क्षेत्र में बहुत कम समय में अपना एक अलग पहचान रखने वाले सरल स्वभाव और सामाजिक कार्यों में भी आगे रहने वाले युवा पत्रकार मो आदिल रशीद को सम्मानित किया गया। दयानंद सिन्हा ने कहा कि आदिल रशीद 2011 से पत्रकारिता के क्षेत्र में काम कर रहा है। इनके नेक नीयती और उच्च सोच के कारण इन्हें हर लोग पसंद करते हैं। यही कारण है कि यह दर्जनों संस्था से जुड़ा है और अपनी सेवाएं प्रदान करता है। इस अवसर पर पत्रकार मो.आदिल रशीद के अलावा जमीयत उलेमा झारखंड के महासचिव हाजी शाह उमैर, पत्रकार गुलाम शाहिद, पत्रकार हाफिज दानिश अयाज शिबली, पत्रकार मो. इमरान, पत्रकार मुकर्रम हयात, पत्रकार रशीद इमरान, पत्रकार संजीत कुमार दीपक को भी स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# ठंड में महकती इंसानियत: माही ने बाँटी गर्माहट, बच्चियों को मिले स्वेटर

संवाददाता । रांची

राँची, 3 दिसंबर 2025 डोरंडा में बुधवार की सुबह कुछ अलग थी। सर्द हवा वही थी, लेकिन माहौल में गर्माहट जोड़ दी बच्चियों की मुस्कान ने। वजह थी – मौलाना आजाद ह्यूमेन इनिशिएटिव (टअल्क) की ओर से चलाया जा रहा विशेष जनझ्रसहभागिता अभियान – ळौं उङ्ग’।्२ इङ्ग’।,अल्ल्ल३ं३५ी ु८ टअल्कइस पहल के तहत डोरंडा स्थित इस्माइलिया मोमिन उर्दू बालिका उच्च व मध्य स्कूल के 50 बच्चियों को स्वेटर इनामस्वरूप दिए गए*, ताकि कोई भी बच्चा ठंड के कारण शिक्षा से दूर न हो।

अभियान: सिर्फ कपड़ा नहीं, भरोसा भी
हर वर्ष 11 से 18 नवंबर के बीच भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद की स्मृति में आयोजित होने वाला यह अभियान इस वर्ष जरूरत के मद्देनजर बढ़ाकर संपूर्ण नवंबर और फिर दिसंबर के पहले सप्ताह तक जारी रखा गया है।

माही की सोच स्पष्ट है–



किसी बच्चे की पढ़ाई सिर्फ इसलिए न छूटे कि उसके पास स्वेटर, जूता या यूनिफॉर्म नहीं है ।बच्चियों की खुशी ने बनाया दिन खास

स्वेटर पाकर बच्चियों की खिलखिलाहट ने कार्यक्रम को भावनात्मक रंग दे दिया। छोटे हाथ अपने नए स्वेटर हवा में लहरा रहे थे, और दोस्त, जैसे किसी अनमोल तोहफे को देखकर खुशियां बांट रहे हों। कार्यक्रम में उपस्थित रहेइस अवसर पर स्कूल के शिक्षक व शिक्षिका, स्थानीय नागरिक और माही के सहयोगी मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से– स्कूल के सदर एडवोकेट खैरुल्लाह साहब, मोमिन पंचायत हाथीखाना के सदर मोहम्मद शमीम, मनीटोला मोमिन पंचायत के सदर जुल्फेकार अली भुट्टो, अंजुमन इस्लामिया राँची के उपाध्यक्ष मो नौशाद, अंजुमन के कार्यकारिणी मोहम्मद वसीम अकरम, नदीम अख्तर, मोहम्मद सईद, मो बेलाल, मो इस्लाम, हाजी इमरान रजा, मोहम्मद जुबैर आदि उपस्थित थे।

इंसानियत वहीं है, जहाँ जरूरत है₹ झ इबरार अहमदमाही के संयोजक इबरार अहमद ने अपने संदेश में कहा:समाज की असली ताकत तब दिखाई देती है जब हम बिना किसी भेदभाव के एक-दूसरे के साथ खड़े हों।


# फूट डालना गलत है, (रांची में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के संदर्भ में):आफताब नदवी धनबाद

संवाददाती

उसी हफ़्ते, रांची के एक अखबार में खबर छपी कि रांची के एक जाने-माने विद्वान मौलाना उबैदुल्लाह साहिब कासमी को एक ऑल इंडिया बैकवर्ड ऑर्गनाइजेशन ने झारखंड राज्य का प्रेसिडेंट बनाया है, लेकिन अखबार में बैकवर्ड मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के बारे में छपा था। इस खबर से मुसलमानों को चिंता हुई कि कहीं यह बोर्ड को कमजोर करने की साज़िश तो नहीं है, जो मुसलमानों का एक एकजुट प्लैटफॉर्म है। रांची में कई विद्वानों और एसोसिएशन के नेताओं ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की और मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड पर अपना भरोसा और विश्वास जताया और ऐसी कोशिशों को गलत बताया। यह आर्टिकल अखबार में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस पर एक कमेंट्री और एनालिसिस के तौर पर लिखा गया है।

,,,,,,

मुसलमानों में एकता और समझ को बढ़ावा देने और प्यार और स्नेह फैलाने के लिए, न सिर्फ.देश के सभी देशों और वर्गों के बीच, बल्कि देश के सभी देशों और वर्गों के बीच भी, और अराजकता, विभाजन, सांप्रदायिकता और लड़ाई से बचने के लिए। समाज को बचाने की कोई भी कोशिश तारीफ के काबिल और तारीफ के काबिल है। जो लोग समाज को बांटकर और भाईचारे, पंथ और भाषा के मतभेदों को भड़काकर मुसलमानों और लोगों के बीच दूरियां पैदा कर रहे हैं, वे निंदनीय हैं। उनकी हिम्मत तोड़नी होगी। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में



शामिल होने वाले सभी लोग, खासकर अलग-अलग समुदायों के सम्मानित प्रतिनिधि और विद्वान, तारीफ के काबिल हैं। उनके अच्छे जज्बे की तारीफ होनी चाहिए। इस्लाम एक यूनिवर्सल धर्म है। इसकी नजर में सभी इंसान एक ही परिवार के सदस्य हैं। सभी आदम और हव्वा की संतान और वंशज हैं। अल्लाह की नजर में सभी बराबर हैं। जाहिर है, जिस धर्म की मूल विचारधारा यही है, जिसकी मुख्य विचारधारा यही है, वह मुसलमानों में ऊंच-नीच और नीचता को कैसे बर्दाश्त कर सकता है? लेकिन दुख की बात यह है कि दूसरों से प्रभावित होकर इसके कीटाणु हमारे भीतर भी फैल गए हैं और हममें से हर कोई अपने आप को श्रेष्ठ और दूसरी सभी जातियों को हीन और तुच्छ समझने लगा है। यह कहानी बहुत ही हृदयविदारक और दुखद है। हम सभी इससे परिचित हैं। पति, पत्नी और उनके परिवारों में धर्म, शिक्षा और सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में ऐसे मतभेद और मतभेद न हों कि उनमें सामंजस्य न हो सके, इसके लिए मुफ्तियों ने न्याय के तराजू के नाम से कुछ बातें बताईं। बाद में मुफ्तियों ने और भी बहुत सी बातें जोड़ीं और सभी चीजों को श्रेष्ठता और नीचता, बड़प्पन और तिरस्कार का मापदंड घोषित कर दिया। जिस तरह गैर-मुसलमानों में समाज में विभाजन था, लगभग उसी तरह मुसलमानों में भी कुलीनता और नीचता की बीमारी फैल गई। हमारे आदरणीय विद्वान भी सभी मुसलमानों की समानता की बात करते रहे और फतवे देते रहे कि फलां जाति फलां जाति से नीची है और जातियों का वर्गीकरण भी किया गया। यहीं से ऊंची जाति, नीची जाति और अभिजात वर्ग ने एक लाइलाज बीमारी का रूप ले लिया। कुछ राजनीतिक फायदे के लिए या बुरे इरादों से बने, समुदायों के अलग-अलग संगठन बने, और कुछ अच्छे इरादों वाले समुदायों के नाम पर बने। देश की आजादी के बाद पिछड़े राष्ट्रों, शूद्रों वगैरह के पिछड़ेपन को देखते हुए,

# ब्रीफ न्यूज

## जयंती पर याद किये गए राजेन्द्र बाबू

संवाददाता ।



रांची। देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद जी की जयंती के अवसर पर डोरंडा स्थित राजेन्द्र चौक पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ( अभाकाम ) की ओर से आयोजित कार्यक्रम में महासभा के अधयक्ष डॉ सी बी सहाय ने डॉ प्रसाद की जीवनी व उपलब्धियों के बारे में बताया। साथ ही हमें भी उनके दिखाये रास्तों पर चलने की सलाह दी। इस दौरान डॉ प्रसाद की मूर्ति पर फूल - माला चढाई गई। साथ ही 151 दीप प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार, महासभा के महामंत्री सुशील कुमार लाल, ए के लाल, राजेश कुमार, सदन सिन्हा, उमा सिन्हा, प्रीति सिन्हा, सत्या सिन्हा, स्मिता, ज्योति, ऐश्वर्य, रोहित श्रीवास्तव समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## उपायुक्त व वरीय पुलिस अधीक्षक ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद को 141वीं जयंती पर दी श्रद्धांजलि



रांची : देश के प्रथम राष्ट्रपति और स्वतंत्रता संग्राम के महान नेता डॉ. राजेंद्र प्रसाद की 141वीं जयंती पर बधवार को रांची में श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने राजेंद्र चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने इस मौके पर कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख सेनानी और संविधान सभा के महत्वपूर्ण सदस्य थे। वे देश के पहले राष्ट्रपति बने और अपनी सादगी, ईमानदारी और सेवा भावना से सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहे। उन्होंने कहा कि डॉ. प्रसाद का जीवन संदेश देता है कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है। वहीं, एसएसपी राकेश रंजन ने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने अपना पूरा जीवन राष्ट्र सेवा को समर्पित कर दिया। उनका त्याग, विचार और योगदान हमेशा राष्ट्र को प्रेरित करता रहेगा।

## हेमंत सोरेन देश के सबसे मजबूत आदिवासी नेता : फुरकान अंसारी



रांची : झारखंड की मौजूदा राजनीतिक हलचल के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पूरे भारत का सबसे मजबूत और बड़ा आदिवासी नेता बताया। बुधवार को जारी प्रेस बयान में फुरकान अंसारी ने कहा कि हेमंत सोरेन दिवंगत गुरुजी शिबू सोरेन की राजनीतिक विरासत के सच्चे उत्तराधिकारी हैं। गुरुजी ने संघर्ष और स्वाभिमान की राजनीति की नींव रखी थी और हेमंत सोरेन उसी रास्ते पर आगे बढ़ रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) पर निशाना साधते हुए अंसारी ने कहा कि भाजपा हेमंत सोरेन की लोकप्रियता और स्थिर सरकार से परेशान है, इसलिए लगातार राजनीतिक भ्रम और अफवाह फैलाने में जुटी है। उन्होंने कहा कि भाजपा हर हाल में सरकार को बदनाम करने की कोशिश कर रही है। भाजपा को झारखंड के आदिवासी स्वाभिमान से डर लगता है।

## रांची के टैक्स विशेषज्ञों को एमएसएमई के डिजिटल परिवर्तन में योगदान के लिए किया



रांची : भारत की अग्रणी बिजनेस ऑटोमेशन सॉफ्टवेयर कंपनी टैली सॉल्यूशंस ने रांची के टैक्स और अकाउंटिंग पेशेवरों को माइक्रो, स्मॉल और मीडियम एंटरप्राइजेज में तकनीक अपनाने को बढ़ावा देने और लेखांकन व अनुपालन प्रक्रियाओं को सरल बनाने में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया। जीएसटी प्रैक्टिशनर्स, अकाउंटेंट्स, टैक्स एडवोकेट्स और अन्य विशेषज्ञों के उत्कृष्ट कार्य को मान्यता देते हुए टैली सॉल्यूशंस ने विशेष रूप से टैक्स एंड अकाउंटिंग टाइटन्स कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर तीन श्रेणियों में 21 उत्कृष्ट पेशेवरों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 100 से अधिक टैक्स पेशेवर शामिल हुए, जिन्होंने अपने कार्यक्षेत्र में समर्पण और पेशेवर प्रतिबद्धता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। इस पहल के अंतर्गत सम्मान तीन श्रेणियों में प्रदान किए गए। अकाउंटिंग मेस्ट्रो श्रेणी के तहत उन अनुभवी पेशेवरों को सम्मानित किया गया जिन्होंने पिछले 15 वर्षों से एमएसएमई का निरंतर समर्थन किया है। अर्चन मुखर्जी, जनरल मैनेजर- ईस्ट जोन, टैली सॉल्यूशंस ने कहा, ह्लहमें रांची के टैक्स और अकाउंटिंग समुदाय के उल्लेखनीय योगदान का जश्न मनाते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। तकनीक अपनाने की उनकी प्रतिबद्धता ने एमएसएमई को चुनौतियों को पार करने और आज के निरंतर बदलते व्यापारिक वातावरण में सफल होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। टैक्स एंड अकाउंटिंग टाइटन्स पहल के माध्यम से, हम केवल व्यक्तिगत उत्कृष्टता का सम्मान नहीं करते, बल्कि उस सामूहिक योगदान को भी मान्यता देते हैं, जो उद्योग में प्रगति का मार्ग प्रशस्त करता है।

## संयुक्त मोर्चा द्वारा प्रबंधन को सौपा गया ज्ञापन।

बेरमो :- संयुक्त मोर्चा के द्वारा अपनी विभिन्ना मांगों को लेकर कथारा वासरी के परियोजना पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि विगत कई वर्षों से लंबित ओटी एरिया की राशि का भुगतान शीघ्र किया जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि विगत 9 वर्षों से प्रबंधन द्वारा काम लेने के बाद भी ओटी एरिया भुगतान अभी तक नहीं किया गया है उक्त एरियर का भुगतान में काफी समय हो चुका है। संयुक्त ट्रेड यूनियन का कहना है, कि बकाया एरियर का भुगतान कर्मचारियों को अतिशीघ्र करने का कष्ट करें, अन्यथा हमें आगामी कार्यवाही के लिए बाध्य होना पड़ेगा। ज्ञापन सौंपे जाते समय। संयुक्त ट्रेड यूनियन के रामेश्वर कुमार मंडल,रंजय कुमार सिंह,दयाल यादव,एसके पांडेय,अरविंद कुमार सिंह,उदय कुमार,कृष्ण बहादुर,कमलकांत सिंह,हरमन सोए सहित दर्जनों यूनियन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# सांसद बिद्युत बरन महतो ने केंद्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर विभिन्न सड़क निर्माण को लेकर सौंपा ज्ञापन

**जमशेदपुर, संवाददाता**



सांसद बिद्युत बरन महतो ने बुधवार केंद्रीय सड़क एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत सड़क निर्माण से सम्बंधित विभिन्न ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सर्वप्रथम सांसद ने कहा कि एनएच-33 के समीप जमशेदपुर के पारडीह काली मंदिर से पटमदा, कटिन, बंधवान, झिलमिली होते हुए बांकुड़ा तक एक नया सड़क मार्ग प्रस्तावित होना अत्यंत आवश्यक है। यह सड़क मार्ग पश्चिम बंगाल के दुगार्पुर स्टील सिटी और टाटा स्टील (जमशेदपुर) के मध्य कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करेगा। जिससे टाटा स्टील (जमशेदपुर) से दुगार्पुर स्टील प्लांट तक सड़क परिवहन एवं यातायात सुविधाओं में सुधार होगा। साथ ही एनएच 220 चाईबासा से हाता का विस्तार बॉम्बे चौक तक करने का प्रस्ताव देते हुए सांसद ने कहा कि वर्तमान में एनएच 220 चाईबासा से हाता तक विकसित है। परंतु क्षेत्रीय विकास, खनन एवं औद्यो गिक गतिविधियों तथा निरंतर बढ़ते आवागमन को ध्यान में रखते हुए इस मार्ग को आगे जादूगोड़ा, मुसाबनी, गुड़ाबांदा होते हुए ओडिशा राज्य के बंबई चौक तक विस्तारित करना अत्यंत आवश्यक हो गया है। इस विस्तार से इसे एनएच-18 से सुगमता से जोड़ा जा सकेगा। जिससे झारखंड और ओडिशा के बीच परिवहन नेटवर्क और अधिक मजबूत होगा। लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न जर्जर सड़कों एवं पुलों के निर्माण के लिए सांसद ने सेंट्रल रोड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड से करवाने का प्रस्ताव दिया है। जिसके तहत 1. पूर्वी सिंहभूम जिला अन्तर्गत एनएच-6 कालियाडिंगा से चित्रेश्वर, रांगुनिया, कुम्हारडुबी होते हुए एनएच-6 जगन्नाथपुर पश्चिम बंगाल सीमा तक पथ निर्माण।

2. पूर्वी सिंहभूम जिला अन्तर्गत एनएच-18 महेशपुर से ज्योति पहाड़ी पुलिया, जामबनी, आंगारपाडा, आदिवासी टोला होते हुए माकडी, बालीजुड़ी, पहाडपुर उड़िसा सीमा तक पथ निर्माण। 3. पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत पटमदा प्रखंड के बेलटांड चौक से कुलटांड, चुडदा बांसगड होते हुए लछीपुर, मुकरुडीह पश्चिम बंगाल सीमा तक पथ निर्माण।

4. उडिसा राज्य को जोड़ने के लिए पूर्वी सिंहभूम जिला अन्तर्गत बामडोल घाट पर स्वर्णरेखा नदी में पुल का निर्माण। 5. पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत धालभूमगढ़-नरसिंहगढ़ रेलवे फाटक से भैरवपुर, छोड़िया, छब्बीसा, धड़ासाई, पम्पुघाट बालियागोडा होते हुए मुसाबनी प्रखंड के मुसाबनी-डुमरिया मुख्य पथ जो उड़िसा सीमा को जोड़ता है का पथ निर्माण शामिल है। वहीं लोकसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर विशेष कर घाटशिला के फुलडुंगरी और बहरागोड़ा के पीडब्लूडी चौक के पास निरंतर हो रही दुर्घटना को रोकने के लिए अंडरपास के निर्माण कार्य को तीव्र गति से सम्पन्न करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि 1. घाटशिला के फुलडूंगरी में बहुत अधिक ट्रैफिक होने के कारण यहां प्रतिदिन अत्यधिक दुर्घटनाएं हो रही है। जिससे लोगों की जान हानी भी हो रही है। इसको रोकने के लिए अंडरपास का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। इस संबंध में पहले आपके द्वारा आश्वासन मिला था। परंतु उचित कार्रवाई नहीं हो पाई है। इस निर्माण कार्य के लिए निविदा भी हो चुकी है। परंतु अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। जिससे स्थानीय लोगों में चिंता और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। 2. बहरागोडा के पीडबल्यूडी चौक (ओम होटल क्रासिंग) अंतराज्यीय बस पड़ाव के सामने अंडरपास नहीं होने के कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पार करते समय जल्दबाजी के कारण कई लोगों की जान जा चूकी है और यह इस क्षेत्र की ज्वलंत मुद्दा रहा है। इस स्थान पर प्रतिदिन हो रही सडक दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ओवरब्रिज/अंडरपास का निर्माण कराना जनहित में अतिआवश्यक है। 3. एनएच-6 में बहरागोड़ा के खांदामौदा में दोनों छोर में घनी आबादी है और वहां हाई-स्कूल कॉलेज इत्यादि भी स्थित है। जिसके कारण आए दिन कई सड़क हादसे हो रहे है विशेषकर छात्र-छात्राओं को सड़क क्रासिंग में काफी कठिनाई होती है। यहां एक अंडरपास या ओवरब्रिज का निर्माण होने से सड़क क्रासिंग में होने वाली समस्या का निवारण हो सकेगा। वहीं केन्द्रीय मंत्री ने सांसद के प्रस्ताव पर अपनी सहमति देते हुए सबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देकर सभी परियोजनाओं के लिए प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने को कहा।खासकर खंडामौदा में फूट ओवर ब्रिज और कालियाडांगा चौक, फुलडूंगरी चौक पर चल रहे कार्य की गति को तेज करने का निर्देश दिया।बामडोल में सुवर्णरेखा पर सीआरआईएफ से पुल निर्माण के संबंध में उन्होंने कहा कि इस संबंध में प्राक्कलन बना कर राज्य सरकार से प्रस्ताव अपेक्षित है।

## कर्णधार सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था द्वारा वृद्धाश्रम में कंबल एवं खाद्य पदार्थ वितरण

**रामगढ़।** कर्णधार सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था रामगढ़ के तत्वाधान में आज शीतलहर को देखते हुए स्थानीय वृद्धाश्रम में कंबल एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। संस्था की टीम ने वृद्धजनों को सर्द मौसम से राहत देने के लिए कंबल भेंट किए तथा उनके लिए भोजन की विशेष व्यवस्था भी की गई। इस दौरान संस्था के संस्थापक एवं सचिव विक्रांत गुप्ता ने कहा कि – आज के युवा पढ़–लिख कर भी अपने ही माता–पिता को घर से बेघर कर रहे हैं, जबकि अनपढ़ संतान भी ऐसा नहीं करती। बुजुर्ग घर की रीढ़ होते हैं। उन्हें घर से निकालकर अपने परिवार को कमजोर न करें। जब तक भगवान की कृपा रहेगी, हम इसी प्रकार सेवा करते रहेंगे। मैं सिर्फ एक जरिया हूं – देने वाला ऊपर वाला है। मैं सागर जी और जीतेंद्र जी का विशेष आभार व्यक्त करता हूं, जो जरूरत के समय हमेशा साथ खड़े रहते हैं। कार्यक्रम का संचालन संस्था के अध्यक्ष जयदीप सोनी के नेतृत्व में किया गया। साथ ही अनिल महतो, पवन कुमार, आशीष साहू सहित कर्णधार टीम के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

## रामगढ़ जिला के गोला प्रखंड में नई चेतना 4.0 जेंडर अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**रामगढ़, संवाददाता**

ग्रामीण विकास विभाग के निदेर्शानुसार पलाश, झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी द्वारा रामगढ़ जिले में एक माह का नई चेतना 4.0 जेंडर अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में गोला प्रखंड में आज एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला समूह की दीदियों, सामुदायिक कार्यकताओं एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।कार्यशाला में जेंडर समानता, महिला सशक्तिकरण, लैंगिक भेदभाव उन्मूलन तथा समाज में महिलाओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिभागियों ने समानता एवं जागरूकता को बढ़ावा देने का संकल्प भी लिया।जेंडर अभियान 4.0 के जागरूकता कार्यक्रम के सुचारू संचालन हेतु व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई तथा कैलेंडर में निर्धारित दिवस-वार गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। यह अभियान 25 नवम्बर 2025 से 23 दिसंबर 2025 तक संचालित किया जाएगा।अभियान के दौरान जेंडर प्रशिक्षण, रैली, रंगोली प्रतियोगिता, खेल-कूद कार्यक्रम, जेंडर शपथ, तथा सांप-सीढ़ी खेल के माध्यम से लैंगिक समानता की जानकारी सहित अनेक गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी। साथ ही महिला हिंसा की रोकथाम एवं लैंगिक समानता के प्रसार हेतु सांप-सीढ़ी खेल के माध्यम से जागरूकता गतिविधि का संचालन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला प्रबंधक सामाजिक विकास सौरभ प्रसाद, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक बिपिन सिंह, संकुल संगठन समन्वयक, ब्लॉक एंकर पर्सन, बैंक सखी एवं जेंडर CRP आदि उपस्थित रहे।

## झारखंड के पूर्व न्यायाधीश डॉक्टर एस एन पाठक ने कार्यक्रम का किया उद्घाटन

**रामगढ़, संवाददाता**



बुधवार को राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में विधि विभाग द्वारा राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय संगोष्ठी का विषय एक राष्ट्र एक चुनाव था कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि झारखंड उच्च न्यायालय रांची के पूर्व न्यायधीश माननीय जस्टिस डॉ एस एन पाठक ,ब्ल्यू फाउंडेशन रांची के चेयरमैन डॉ पंकज सोनी , झारखंड उच्च न्यायालय प्रवक्ता विनोद कुमार, विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह,सचिव प्रियंका कुमारी, कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार, समाजसेवी सी पी संतन एवं मीडिया प्रभारी डॉ संजय कुमार उपस्थित थे। संगोष्ठी का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व न्यायधीश डॉ एस एन पाठक, कुलाधिपति बी एन साह, एवं गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से विश्विद्यालय के संस्थापक स्व गोविंद साह एवं स्व राधा देवी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। उसके बाद सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ, प्रतीक चिन्ह और अंगवस्त्र भेट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो(डॉ) रश्मि के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने सभी अतिथियों और वक्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण और राष्ट्रीय विकास में विश्विद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। एक राष्ट्र की सफलता के लिए शोध का मजबूत होना आवश्यक है, क्योंकि यह आर्थिक विकास, तकनीकी विकास और शिक्षा में उन्नति को बढ़ावा देता हैं।

**डॉ एस एन पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि**

वन नेशन,वन इलेक्शन विषय पर आधारित इस राष्ट्रीय सेमिनार के अवसर पर सभी प्रतिभागियों, विशेषज्ञों, अध्यापकों और विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एक देश एक चुनाव के लिए मजबूत सरकार को लोकतंत्र के तीन अंगों को मूल सिद्धांत पर आकर संविधान के दायरे में काम करना होगा और मूलभूत सिद्धांतों के लिए संविधान में संशोधन करने के बाद ही एक देश एक चुनाव मजबूत होगा। दूसरे वक्ता चेयरमैन ब्ल्यू फाउंडेशन, रांची के डॉ पंकज सोनी कहा कि अत्यधिक चुनाव व्यय से देश के आर्थिक विकास पर प्रभाव पड़ता है। विभिन्न वक्ताओं ने संगोष्ठी के विषय को भावी पीढ़ी के विकास और उत्थान के लिए आवश्यक बताया और विषय की महत्ता पर प्रकाश डाला। चिव प्रियंका कुमारी ने राष्ट्रीय संगोष्ठी की प्रशंसा की और उन्होंने सभी शिक्षकों, शोधार्थियों एवं छात्रों को आलोचनात्मक सोच और अनुसंधान के माध्यम से समाज में सकारात्मक योगदान देने के प्रेरित किए। यह संगोष्ठी चेयरपर्सन के उपस्थिति के साथ समांतर चार सत्रों में चला। पहले सत्र में सभी मुख्य वक्ताओं ने एक राष्ट्र एक चुनाव पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया। तकनीकी सत्र के दौरान सभी शोधार्थियों ने अपने -अपने विषय पर शोध प्रस्तुत किया। इस संगोष्ठी कार्यकम में 510 प्रतिभागियों ने पंजीकरण किया। कार्यक्रम का नेतृत्व विधि विभाग के व्याख्याता महेंद्र मंडल एवं आलोक आंबेडकर ने किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षा विभाग के व्याख्याता डॉ रंजना पांडेय और डॉ अमरेश पांडेय ने किया। विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि आज के संगोष्ठी का उद्देश्य विद्यार्थियों को चुनावी व्यवस्था , प्रशासनिक चुनौतियों और संवैधानिक पहलुओं की समझ प्रदान करेगा। राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन राष्ट्रगान गाकर किया गया। मौके पर विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष , कर्मचारीगण , विभिन्न राज्यों के शोधार्थी एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

## एसडीपीओ ने सभी थाना प्रभारी के साथ की अहम बैठक, दिए के दिशा निर्देश



**क्षेत्र में शांति आपराधिक गतिविधियों को लेकर चौकन्ना रहने की दी सलाह**

**रामगढ़, संवाददाता**

पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी ने अंचल के सभी थाना प्रभारियों के साथ आवश्यक बैठक की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई निर्देश दिया। साथ ही पतरातू अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना एवं ओपी से संबंधित लंबित कांडों की समीक्षा की गई। वहीं पुलिस पदाधिकारी को क्षेत्र में सक्रीय आपराधिक गिरोहो से जुड़े लोगों पर पैनी नजर बनाए रखने का निर्देश दिया। साथ ही समय समय पर एंटी क्राइम चेकिंग करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने आम लोगों से अपील किया कि लंबे समय के लिए पूरे परिवार सहित कहीं जाते हैं तो इसकी सूचना स्थानीय क्षेत्र के मुखिया व स्थानीय पुलिस को दें। साथ उन्होंने कहा कि क्षेत्र में गहने जेवरात की साफ सफाई के नाम पर अज्ञात लोग घर पर पहुंचते है व लोग ठगी का शिकार हो जाते हैं। इसीलिए किसी भी अनजान व्यक्ति को अपने कीमती जेवरात व घर के सामानों की जानकारी देने से बचें तथा इसकी सूचना अविलंब थाने को दे। मौके पर इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार, भूरकुंडा उपेंद्र कुमार, बरकाकाना उमाशंकर वर्मा, भदानी नगर अख्तर अली शामिल थे।

## श्री गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहीदी दिवस श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाया गया

**बोकारो, संवाददाता**



गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटी टेक्निकल कैंपस, कांड्रा, चास, बोकारो में सिखों के नवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी का 350वाँ शहीदी दिवस अत्यंत श्रद्धा, गरिमा और आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर गुरु जी के अद्वितीय बलिदान, त्याग, सेवा और मानवता के लिए दिए गए अमर संदेश को स्मरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शब्द-गान से हुई, जिसका नेतृत्व प्रो. डॉ. ए. पी. बर्णवाल ने किया। समारोह में संस्थान के अध्यक्ष माननीय तरसेम सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही सचिव सुरेंद्र पाल सिंह तथा GGSESTC के निदेशक प्रो.डॉ. प्रियादर्शी जरूहार भी उपस्थित थे। अपने वक्तव्य में अध्यक्ष तरसेम सिंह ने इतिहास के संदर्भों के माध्यम से गुरु तेग बहादुर जी द्वारा भारतीय संस्कृति और धर्म की रक्षा के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान की गहरी जानकारी छात्रों को प्रदान की। सचिव महोदय ने गुरु जी की निस्वार्थ सेवा, अटूट संकल्प और संस्कृति-संरक्षण के विशेष विचारों पर प्रकाश डाला। निदेशक महोदय ने गुरु जी के व्यक्तित्व, कृतित्व और गुरु-शिष्य परंपरा को प्रेरक रूप में प्रस्तुत किया, जिससे छात्र एवं शिक्षक दोनों लाभान्वित हुए। कार्यक्रम के दौरान 350वें शहीदी दिवस पर आयोजित क्विज एवं भाषण प्रतियोगिता के 10 विजयी प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही JUT रांची द्वारा आयोजित "Idea Thrive-2025 में पुरस्कृत दो टीमों को भी मंच पर सम्मानित किया गया। अंत में प्रो. डॉ. वैभव गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन पवित्र कड़ाह प्रसाद के वितरण के साथ हुआ।

## स्टेट हैंडलूम एक्सपो - 2025 : स्टॉल संख्या 128 में 'जगदीश हैंडीक्राफ्ट' में कच्छ, गुजरात की पारंपरिक हस्तकला उत्पाद

**जमशेदपुर, संवाददाता**



बिस्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में झारक्राफ्ट द्वारा आयोजित स्टेट हैंडलूम एक्सपो-2025 में स्टॉल संख्या 128 जगदीश हैंडीक्राफ्ट कच्छ, गुजरात की पारंपरिक कला और बेजोड़ हस्तकला का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। इस स्टॉल पर कच्छ क्षेत्र के दक्ष शिल्पकारों द्वारा बनाए गए रंग-बिरंगे होम फर्निशिंग एवं डेकोर आइटम प्रदर्शित किए गए हैं। जिनमें उनकी समृद्ध कला, बारीकी और उत्कृष्ट फिनिशिंग स्पष्ट झलकती है। एक्सपो में आने वाले लोग 100 रुपए से शुरू होने वाली किफायती एवं उच्च गुणवत्ता वाली वस्तुओं को पसंद कर रहे हैं। जिससे स्थानीय शिल्पकार समुदाय को भी सशक्त समर्थन मिल रहा है। स्टॉल संचालकों के अनुसार सभी उत्पादों को पारंपरिक तकनीकों से तैयार किया जाता है और इनके निर्माण में स्थानीय शिल्पकारों की मेहनत एवं कौशल का सुंदर मेल देखने को मिलता है। साथ ही ग्राहकों की सुविधा के लिए डिजिटल भुगतान की व्यवस्था भी उपलब्ध है। आगंतुक नागरिकों से आग्रह है कि एक्सपो के दौरान स्टॉल संख्या 128 जगदीश हैंडीक्राफ्ट अवश्य जाएं और कच्छ की पारंपरिक कला को नजदीक से जानने, समझने एवं प्रोत्साहित करने का अवसर प्राप्त करें।

प्रदर्शित प्रमुख उत्पाद :-
- गुजराती डिजाइनर बेडशीट्स एवं कुशन कवर
- हैंडक्राफ्टेड रनर एवं वॉल हैंगिंग्स
- आकर्षक एवं दमकते डिजाइनर बैग्स
- पारंपरिक एवं प्रामाणिक कच्छ हस्तशिल्प
- 100 से 2000 रुपए की किफायती मूल्य में उपलब्ध उत्पाद

## कोयला ढुलाई ट्रेक्टर चालक की मौत, मासुम बच्चा हुआ डेयरी दूध से भी लालाइत

**छः दिन की थी तब सर से उठा मां का साया अब, छः माह में पिता के छत्रछाया से हुई मरहूम चार नन्हे-मुन्ने बच्चे**

**बोकारो, संवाददाता**



बेरमो अनुमंडल अंतर्गत नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट स्थित पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र बरई पंचायत के गरडीह निवासी चुरामन गंझू(ट्रेक्टर चालक) कि मौत बड़े चक्का में दबने से हो गयी। उक्त घटना रविवार कि सुबह (भोर) कि है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि चुरामन गंझू अन्य ट्रेक्टरों के साथ बेरमो थाना क्षेत्र के ताराबेड़ा जंगल में अवस्थित अवैध खनन स्थल से कोयला लेने अपने ट्रेक्टर मालिक के कहने से गया था ,लोडकर लोटने के क्रम में चालक चुरामन गंझू अनियंत्रित होकर गिर गया जिससे सिने से होकर चढ गया जिससे घटना स्थल पर मौत हो गयी। इसका सूचना परिजनो को सोमवार को दोपहर को दिया गया ,यानि बारह घंटा के बाद जबकि घटना स्थल से मृतक के घर के दूरी महज 7 किलो मीटर होगी। मृतक अपने पिछे छः माह का लड़का अविनाश कुमार सहित सलोनि (6वर्ष) ,चांदनि (4वर्ष) ,रेशमा (2वर्ष) सहित बहन सरस्वति कुमारि(14वर्ष) ,भाई जागेश्वर गंझू (16वर्ष) छोड़ गया है। बिड़बना यह है कि मासुम परिजन मुआवजे कि मांग को लेकर 48 घंटे शव घर में रखे रहा लेकिन किसी सकारात्मक कदम नही उठा बल्कि दबाव में अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक कि बहन सरस्वती कुमारी ने बताया की मेरा भैया कि कमाई से घर का चुल्हा जलता था ,अब कैसे जलेगा चिंता सता रही है। ऐसा लगता है हम सब कुछ दिनों के बाद भुख से काल के मुंह में समा हि जायेगें। नन्हे सा अविनाश के लिए पाउडर दुध कौन ला देगा। इधर पेंक-नारायणपुर थाना प्रभारी नितिश कुमार से पुछे जाने पर कहा कि घटना कि जानकारी है लेकिन मेरा क्षेत्र का नही है।

## राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत तनाव मुक्ति शिविर का आयोजन

**रामगढ़, संवाददाता**



राज्य नोडल पदाधिकारी, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, झारखण्ड, रांची के निदेर्शानुसार रामगढ़ जिला में दिनांक 03.12.2025 से 17.01.2026 तक ₹तनाव मुक्ति शिविर₹ का आयोजन जिला के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों, स्कुल एवं कॉलेज में क्ए्उ के माध्यम से जागरूकता अभियान का आयोजन किया जाना है।इसी क्रम में आज दिनांक 03.12.2025 को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत तनाव मुक्ति शिविर का आयोजन डॉ० महालक्ष्मी प्रसाद, सिविल सर्जन, रामगढ़ एवं डॉ० तुलिका रानी, जिला कुष्ठ निवारण सह नोडल पदाधिकारी, रामगढ़ के अध्यक्षता में सदर अस्पताल, रामगढ़ के परिसर में किया गया। उक्त शिविर में सी०आई०पी०, कांके, राँची के विशेषज्ञ चिकित्सक दल से डॉ बुद्धायन रॉय, डॉ सेंथिल एम, डॉ अर्चना कुमारी दास सहित अन्य के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य रोग से संबंधित एवं नशा मुक्ति से संबंधित जानकारी लोगो के बीच में दिया गया, साथ ही साथ विशेष रूप से जाँच, उपचार के साथ दवा वितरण किया गया। इस आयोजन में मुख्य रूप से चिकित्सा पदाधिकारी, रामगढ़, जिला कार्यकम प्रबंधन ईकाई, श्री आमोद कुमार, जिला कार्यक्रम सहायक, जिला एन०सी०डी० एफएलसी०, STT, BTT एवं सहिया, सभी कर्मचारी उपस्थित हुऐं।

## शताब्दी स्थापना सप्ताह के उद्घाटन दिवस पर आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

**धनबाद, संवाददाता**



६आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में शताब्दी स्थापना सप्ताह के उद्घाटन दिवस पर बुधवार की शाम पेनमैन ऑडिटोरियम में एक शानदार सांस्कृतिक संध्या आयोजित की गई। कार्यक्रम ने पूरे माहौल को उत्साह, संगीत, नृत्य और साहित्यिक रंगों से भर दिया। यह सांस्कृतिक प्रस्तुति शताब्दी समारोहों की शुरूआत को और भी यादगार बनाने वाला साबित हुआ।

कार्यक्रम में दीप्ति लेडीज क्लब की अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला मिश्रा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहीं। बड़ी संख्या में संस्थान के शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थी, पूर्व छात्र और परिवारजन भी मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम का संचालन प्रो. रजनी सिंह, डीन (कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस) ने किया, जिनकी सहज और आकर्षक एंकरिंग ने दर्शकों की खूब सराहना हासिल की। सांस्कृतिक संध्या की शुरूआत गणेश वंदना से हुई, जिसे रिद्धि और सिद्धि ने प्रस्तुत किया। इसके बाद गौरी द्वारा प्रस्तुत गिरि नंदिनी वंदना ने मंच पर शांत और भावपूर्ण माहौल बनाया। इसके बाद मंच पर आया शानदार नृत्य-नाटक प्रह्लाद चित्रम, जिसने भक्ति, साहस और सत्य की कहानी को जीवंत अंदाज में दशार्या। कलाकारों की अभिव्यक्ति और प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

फिर प्रस्तुत हुआ जोहाड़ झारखंड–एक जोशीला जनजातीय नृत्य, जिसने झारखंड की लोक संस्कृति और ऊर्जा को मंच पर बखूबी उतारा। इसके बाद नमामि नमामि भक्ति गीत पर आधारित शिव वंदना ने पूरे ऑडिटोरियम को आध्यात्मिकता से भर दिया। संध्या को और रंगीन बनाया श्यामला और समूह के ग्रुप डांस ने, जिसमें आधुनिक ताल और उत्साह का सुंदर मेल दिखाई दिया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में आयोजित कवि सम्मेलन ने साहित्यिक माहौल पैदा किया, जहाँ कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से हास्य, भावनाओं और सामाजिक संदेशों का खूबसूरत समन्वय पेश किया। दर्शकों ने कविता-संध्या का भरपूर आनंद लिया। यह सांस्कृतिक संध्या आईआईटी (आईएसएम) की उस समृद्ध परंपरा को दशार्ती है जिसमें शिक्षा के साथ-साथ कला, संस्कृति और सामुदायिक जुड़ाव भी महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं।

## अतिक्रमण हटाओ अभियान के दूसरे दिन सड़कों पर उतरे लोग, बीएसएल के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन

**बोकारो, संवाददाता**



बोकारो में अतिक्रमण हटाओ अभियान के दूसरे दिन हालात गरमा गए। बुधवार को सेक्टर-4 सिटी सेंटर में उस समय तनाव बढ़ गया, जब बड़ी संख्या में लोग बीएसएल प्रबंधन के खिलाफ सड़कों पर उतर आए और जोरदार विरोध प्रदर्शन करने लगे। यह विरोध उस जगह पर हुआ, जहाँ मंगलवार को अभियान चलाकर लगभग 400 से अधिक अवैध दुकानों को बुलडोजर चलाकर हटाया गया था। बीएसएल द्वारा फेंसिंग कार्य शुरू किए जाने के बाद प्रभावित व्यापारी और स्थानीय लोग नाराज हो गए। उनका आरोप है कि बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था और पूर्व सूचना के दुकानों को तोड़ा गया, जिससे उनका रोजगार खतरे में पड़ गया। प्रदर्शनकारियों ने फेंसिंग कार्य रोकने और उचित समाधान की मांग की। सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस टीम मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों को शांत कराने का प्रयास किया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अतिक्रमण हटाओ अभियान आगे भी जारी रहेगा और शहर को व्यवस्थित तथा सुरक्षित बनाने के लिए यह आवश्यक कदम है। हालांकि प्रशासन बातचीत के जरिए समाधान निकालने की बात कर रहा है, लेकिन प्रदर्शन के बाद इलाके में तनाव बना हुआ है।

